C.D.S. Examination (1),2024

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

**टी.बी.सी. : SRSU–S–GKL** **परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम**

**क्रम संख्या**

1217929

# परीक्षण पुस्तिका

**A**

## सामान्य ज्ञान

**समय : दो घण्टे** **पूर्णांक : 100**

## अ नु दे श

1. **परीक्षा प्रारम्भ होने के तुरन्त बाद आप इस परीक्षण पुस्तिका की पड़ताल अवश्य कर लें कि इसमें कोई बिना छपा, फटा या छूटा हुआ पृष्ठ अथवा प्रश्नांश आदि न हो। यदि ऐसा है, तो इसे सही परीक्षण पुस्तिका से बदल लें।**
2. **कृपया ध्यान रखें कि OMR उत्तर-पत्रक में उचित स्थान पर रोल नम्बर और परीक्षण पुस्तिका अनुक्रम A, B, C या D को ध्यान से एवं बिना किसी चूक या विसंगति के भरने और कूटबद्ध करने की जिम्मेदारी उम्मीदवार की है। किसी भी प्रकार की चूक/विसंगति की स्थिति में उत्तर-पत्रक निरस्त कर दिया जाएगा।**
3. इस परीक्षण पुस्तिका पर साथ में दिए गए कोष्ठक में आपको अपना अनुक्रमांक लिखना है। परीक्षण पुस्तिका पर **और कुछ न** लिखें।
4. इस परीक्षण पुस्तिका में **120** प्रश्नांश (प्रश्न) दिए गए हैं। प्रत्येक प्रश्नांश **हिन्दी** और **अंग्रेजी** दोनों में छपा है। प्रत्येक प्रश्नांश में चार प्रत्युत्तर (उत्तर) दिए गए हैं। इनमें से एक प्रत्युत्तर को चुन लें, जिसे आप उत्तर-पत्रक पर अंकित करना चाहते हैं। यदि आपको ऐसा लगे कि एक से अधिक प्रत्युत्तर सही हैं, तो उस प्रत्युत्तर को अंकित करें जो आपको सर्वोत्तम लगे। प्रत्येक प्रश्नांश के लिए **केवल एक ही** प्रत्युत्तर चुनना है।
5. आपको अपने सभी प्रत्युत्तर अलग से दिए गए उत्तर-पत्रक पर **ही** अंकित करने हैं। उत्तर-पत्रक में दिए गए निर्देश देखें।
6. सभी प्रश्नांशों के अंक समान हैं।
7. इससे पहले कि आप परीक्षण पुस्तिका के विभिन्न प्रश्नांशों के प्रत्युत्तर उत्तर-पत्रक पर अंकित करना शुरू करें, आपको प्रवेश प्रमाण-पत्र के साथ प्रेषित अनुदेशों के अनुसार कुछ विवरण उत्तर-पत्रक में देने हैं।
8. आप अपने सभी प्रत्युत्तरों को उत्तर-पत्रक में भरने के बाद तथा परीक्षा के समापन पर **केवल उत्तर-पत्रक** अधीक्षक को सौंप दें। आपको अपने साथ परीक्षण पुस्तिका ले जाने की अनुमति है।
9. कच्चे काम के लिए पत्रक, परीक्षण पुस्तिका के अन्त में संलग्न हैं।
10. **गलत उत्तरों के लिए दण्ड :**

    **वस्तुनिष्ठ प्रश्न-पत्रों में उम्मीदवार द्वारा दिए गए गलत उत्तरों के लिए दण्ड दिया जाएगा।**

    (i) प्रत्येक प्रश्न के लिए चार वैकल्पिक उत्तर हैं। उम्मीदवार द्वारा प्रत्येक प्रश्न के लिए दिए गए एक गलत उत्तर के लिए प्रश्न हेतु नियत किए गए अंकों का **एक-तिहाई** दण्ड के रूप में काटा जाएगा।

    (ii) यदि कोई उम्मीदवार एक से अधिक उत्तर देता है, तो इसे **गलत उत्तर** माना जाएगा, यद्यपि दिए गए उत्तरों में से एक उत्तर सही होता है, फिर भी उस प्रश्न के लिए उपर्युक्तानुसार ही उसी तरह का दण्ड दिया जाएगा।

    (iii) यदि उम्मीदवार द्वारा कोई प्रश्न हल नहीं किया जाता है, अर्थात् उम्मीदवार द्वारा उत्तर नहीं दिया जाता है, तो उस प्रश्न के लिए **कोई दण्ड नहीं** दिया जाएगा।

**जब तक आपको यह परीक्षण पुस्तिका खोलने को न कहा जाए तब तक न खोलें**

***Note* : English version of the instructions is printed on the back cover of this Booklet.**

**1.** दक्कन की जोर्वे संस्कृति के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसमें, वास्तव में, तटीय कोंकण ज़िले को छोड़कर संपूर्ण आधुनिक महाराष्ट्र शामिल है।
2. ऐसा प्रतीत होता है कि प्रवरा-गोदावरी घाटियाँ केन्द्रीय क्षेत्र रही हैं।
3. इस संस्कृति के बड़े स्थलों से झूमकृषि के प्रमाण मिलते हैं।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**2.** पांड्य साम्राज्य की राजधानी मदुरै के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. इसे *मदुरैकंची* में एक बड़े भव्य नगर के रूप में वर्णित किया गया है, जो तीनों ओर दीवारों से घिरा है और चौथी ओर वैगई नदी है।
2. *अर्थशास्त्र* में इसका उल्लेख उत्तम सूती वस्त्रों के केन्द्र के रूप में किया गया है।
3. अन्य साहित्यिक स्रोतों में इसे एक प्रमुख शिल्प केन्द्र के रूप में वर्णित किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**3.** सवाई जय सिंह के खगोलीय कार्य के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. उन्होंने यूरोपीय प्रेक्षणों की सटीकता के बारे में जाना, और डे ला हायर की सारणियाँ प्राप्त कीं, जिनसे उन्होंने एक अपवर्तन सारणी को पुनः तैयार किया।
2. उनके खगोलविदों ने शुक्र की चंद्र-कलाओं का पर्यवेक्षण करने के लिए अपनी दूरबीन भी विकसित की।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**4.** संगीत पर आधारित कृति *मान कौतूहल* किसके संरक्षण में तैयार की गई?

*(a)* ग्वालियर के राजा मान सिंह

*(b)* तानसेन

*(c)* मीराबाई

*(d)* अमीर खुसरो

**5.** सुगम्य भारत अभियान के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह कार्यक्रम दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय द्वारा प्रारंभ किया गया है।
2. इसका उद्देश्य दिव्यांगजनों के लिए समावेशी समाज का विकास करना है।
3. इसमें दिव्यांगजनों के लिए पेंशन का प्रावधान है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* 1, 2 और 3

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1

**1.** Consider the following statements about the Jorwe culture of the Deccan :

1. It covers, practically, the whole of modern Maharashtra except the coastal Konkan district.
2. The Pravara-Godavari valleys seem to have been the nuclear zone.
3. The large sites of this culture yield evidence of shifting agriculture.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**2.** Consider the following statements about Madurai, the capital city of the Pandya kingdom :

1. It has been described in *Maduraikkanchi* as a large grand city, enclosed by walls on three sides and the Vaigai river on the fourth side.
2. The *Arthashastra* mentions it as a centre of fine cotton textiles.
3. Other literary sources describe it as a major craft centre.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**3.** Consider the following statements about Sawai Jai Singh's astronomical work :

1. He learnt of the accuracy of European observations, and obtained de La Hire's tables from which he reproduced a refraction table.
2. His astronomers also developed a telescope of their own to observe the lunar phases of Venus.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**4.** *Man Kautuhal*, a work on music, was prepared under the aegis of

*(a)* Raja Man Singh of Gwalior

*(b)* Tansen

*(c)* Meera Bai

*(d)* Amir Khusrau

**5.** Consider the following statements regarding the Sugamya Bharat Abhiyan :

1. This programme is initiated by the Department of Empowerment of Persons with Disabilities, Ministry of Social Justice and Empowerment.
2. It aims to develop an inclusive society for persons with disabilities.
3. It has provisions of pension for persons with disabilities.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1, 2 and 3

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1 only

**6.** निम्नलिखित में से कौन-सा, असहयोग आंदोलन के कार्यवाई कार्यक्रम का हिस्सा **नहीं** था?

*(a)* काँग्रेस संगठन को गाँव और मोहल्ला स्तर तक पहुँचाना था

*(b)* सरकार से संबद्ध स्कूलों और कॉलेजों का बहिष्कार

*(c)* काँग्रेस कार्य-समिति द्वारा राज्य की कानून और व्यवस्था मशीनरी को नियंत्रण में लेना

*(d)* सरकार द्वारा दी गई उपाधियों और सम्मानों का परित्याग

**7.** मौर्य राज्य और वनवासियों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. वनवासियों को नए प्रकार के राजनीतिक और आर्थिक प्रभुत्व का सामना करना पड़ा और उन्हें अधीनस्थ बनाने और आत्मसात् करने की आवश्यकता के परिणामस्वरूप इन लोगों को शाही क्षेत्र में शामिल नहीं करने के पहले के रवैये में बदलाव आया।
2. राज्य ने मान्यता दी कि वन उपज पर वनवासियों का एकाधिकार है।
3. राज्य वनों के संरक्षण के लिए चिंतित था और इस उद्देश्य से वनों को जलाए जाने पर प्रतिबंध लगा दिया गया था।
4. वनवासियों को राज्य की सेवा में लगाया जा सकता था और उनका सैनिक, जासूस और हत्यारों के रूप में उपयोग किया जा सकता था।

उपर्युक्त में से कितना/कितने कथन सही है/हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* 4

**8.** दिल्ली सल्तनत काल के दौरान हीरे का खनन निम्नलिखित में से किस स्थान पर किया गया था?

*(a)* अवध

*(b)* खंभात

*(c)* पन्ना

*(d)* लखनौती

**9.** दिसम्बर 2021 में प्रक्षेपित किए गए जेम्स वेब स्पेस टेलीस्कोप के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* यह पृथ्वी से लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर, सूर्य की परिक्रमा करता है।

*(b)* यह लगभग 15 लाख किलोमीटर दूर, पृथ्वी की परिक्रमा करता है।

*(c)* यह पृथ्वी से लगभग 10 लाख किलोमीटर दूर, अंतरिक्ष में स्थिर है।

*(d)* यह पृथ्वी से लगभग 3·5 लाख किलोमीटर दूर, चंद्रमा की परिक्रमा करता है।

**10.** निम्नलिखित में से कौन-से कण उप-परमाण्विक कण हैं?

1. इलेक्ट्रॉन
2. प्रोटॉन
3. न्यूट्रॉन
4. म्यूऑन

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 4

*(b)* 1, 2, 3 और 4

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* केवल 1, 2 और 3

6. Which one among the following was ***not*** a part of the action programme of the Non-Cooperation Movement?

(a) The Congress organisation was to reach down to the village and the Mohalla level

(b) Boycott of government affiliated schools and colleges

(c) Taking control of the law and order machinery of the State by the Congress Working Committee

(d) Surrender of titles and honours given by the government

7. Consider the following statements about the Mauryan State and the forest people :

1. The forest people were subjected to new forms of political and economic dominance and the necessity to subordinate and assimilate them led to a change in the earlier attitude of excluding these people from imperial territory.
2. The State recognised that the forest produce was the sole monopoly of the forest people.
3. The State was concerned with the conservation of forests and to this end the burning of forests was prohibited.
4. The forest people could be harnessed to serve the State and could be used as troops, spies and assassins.

How many of the above statements is/are correct?

(a) 1

(b) 2

(c) 3

(d) 4

8. At which of the following places was diamond mining carried out during the Delhi Sultanate period?

(a) Awadh

(b) Khambhat

(c) Panna

(d) Lakhnauti

9. Which one of the following statements is true for James Webb Space Telescope launched in December 2021?

(a) It orbits the Sun, about 15 lakh km away from the Earth.

(b) It orbits the Earth, about 15 lakh km away.

(c) It is stationary in space nearly 10 lakh km away from the Earth.

(d) It revolves around the Moon nearly 3·5 lakh km away from the Earth.

10. Which of the following particles are subatomic particles?

1. Electron
2. Proton
3. Neutron
4. Muon

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 4 only

(b) 1, 2, 3 and 4

(c) 2 and 3 only

(d) 1, 2 and 3 only

**11.** क्यूबिट एक द्वि-मानित मात्रा को निर्देशित करता है, जो प्रयुक्त होता है

(a) क्लासिकल कंप्यूटर में

(b) क्लासिकल कूट-लेखन में

(c) क्वांटम कंप्यूटर में

(d) लेज़र में

**12.** फोटो 51 किसके प्रतिबिंब से संबंधित है?

(a) चंद्रमा पर एक विवर (क्रेटर)

(b) डी० एन० ए० अणु

(c) कोविड-19 के लिए उत्तरदायी विषाणु

(d) सामान्य जुकाम के लिए उत्तरदायी विषाणु

**13.** हिग्स बोसॉन का विराम-द्रव्यमान किसके निकटतम होने का अनुमान है?

(a) 0·5 MeV

(b) 900 MeV

(c) 100 GeV

(d) 1000 GeV

**14.** निम्नलिखित में से कौन-सा, परमाणु घड़ी के कार्य करने के सिद्धांत का सटीक वर्णन करता है?

(a) एक लघु क्वार्ट्ज़ क्रिस्टल का कंपन

(b) एक क्रिस्टल के भीतर परमाणुओं की सरल आवर्त गति

(c) सीज़ियम (अथवा रुबिडियम) परमाणु में अनुनादी आवृत्ति

(d) हाइड्रोजन परमाणुओं का उत्तेजन और व्युत्तेजन

**15.** राजनीतिक विश्लेषण में मानकीय और आनुभविक दोनों उपागम शामिल होते हैं। निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन इन दोनों उपागमों के बारे में सही है/हैं?

1. आनुभविक उपागम के माध्यम से अर्जित ज्ञान मूल्य-परिपूर्ण है।
2. मानकीय उपागम के माध्यम से अर्जित ज्ञान वस्तुपरक रूप से तटस्थ है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**16.** निम्नलिखित में से कौन-सी 'सर्वाधिकारी राज्य' की विशेषता **नहीं** हो सकती है?

(a) व्यक्ति जीवन के राजनीतिक और प्रायः व्यक्तिगत क्षेत्रों पर राज्य का नियंत्रण

(b) जनसंचार के साधनों पर एकाधिकार

(c) एक-दलीय राज्य

(d) नागरिक समाज की स्वायत्तता

11. Qubit refers to a two-valued quantity used in

(a) classical computers

(b) classical cryptography

(c) quantum computers

(d) lasers

12. Photo 51 refers to an image of

(a) a crater on the Moon

(b) DNA molecules

(c) the virus responsible for COVID-19

(d) the virus responsible for common cold

13. The rest mass of Higgs boson is estimated to be close to

(a) 0·5 MeV

(b) 900 MeV

(c) 100 GeV

(d) 1000 GeV

14. Which one of the following correctly describes the principle of the working of an atomic clock?

(a) Vibration of a small quartz crystal

(b) Simple harmonic motion of atoms inside a crystal

(c) Resonant frequency in cesium (or rubidium) atom

(d) Excitation and de-excitation of hydrogen atoms

15. Political analysis involves both normative and empirical approaches. Which of the following statements is/are correct about the two approaches?

1. Knowledge acquired through the empirical approach is value-loaded.

2. Knowledge acquired through the normative approach is objectively neutral.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

16. Which one amongst the following ***cannot*** be a feature of a 'totalitarian regime'?

(a) State control of the political and often personal realms of individual life

(b) A monopoly of the means of mass communication

(c) One-party State

(d) Autonomy of civil society

**17.** निम्नलिखित में से कौन-से कथन सही **नहीं** हैं?

1. विश्व राजनीति में, 'कठोर शक्ति (हार्ड पावर)' का प्रयोग राज्यों और अन्य कर्ताओं, दोनों के ही द्वारा किया जा सकता है जिसमें धमकी या बल-प्रयोग शामिल है।
2. वैश्वीकरण अनिवार्य रूप से आर्थिक है, सांस्कृतिक नहीं।
3. 'वाशिंगटन सर्वसम्मति' पद ऐसी नीति से संबंधित है, जो बाजार में हस्तक्षेप की माँग करती है।
4. 'आत्मनिर्भरता (ऑटार्की)' को प्रायः आर्थिक 'आत्मनिर्भरता' समझा जाता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1 और 4

*(b)* केवल 2 और 3

*(c)* केवल 2, 3 और 4

*(d)* 1, 2, 3 और 4

**18.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत के संविधान के भाग III के अधीन, व्यक्ति इस भाग द्वारा गारंटीकृत अधिकारों को तब प्रवर्तित कर सकते हैं, जब किसी सरकारी प्राधिकारी की कार्रवाई द्वारा उनका अतिक्रमण किया जाता है।
2. भारत के संविधान के भाग III के अधीन, व्यक्ति इस भाग द्वारा गारंटीकृत अधिकारों को तब प्रवर्तित कर सकते हैं, जब न केवल किसी सरकारी प्राधिकारी की कार्रवाई द्वारा, बल्कि उसकी निष्क्रियता के द्वारा भी उनका अतिक्रमण किया जाता है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**19.** निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. नागरिक और राजनीतिक अधिकारों पर अंतर्राष्ट्रीय प्रसंविदा (आइ० सी० सी० पी० आर०) में प्रावधान है कि प्रत्येक को विधि के समक्ष एक व्यक्ति के रूप में प्रत्येक जगह मान्यता का अधिकार होगा।
2. यद्यपि भारत सैद्धांतिक रूप में आइ० सी० सी० पी० आर० के विशिष्टाचार (ईथॉस) से सहमत है, तथापि उसने अभी तक इसका पूर्णतः अनुसमर्थन नहीं किया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**20.** विधिक सहायता पाने के अधिकार के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. भारत के संविधान के अधीन, यह राज्य के नीति निदेशक तत्त्वों में दिया गया है।
2. पुलिस का यह कर्तव्य है कि वह किसी व्यक्ति को गिरफ्तार करने के तत्काल बाद निकटतम विधिक सहायता समिति को सूचित करे।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**17.** Which of the following statements are ***not*** correct?

1. In world politics, 'hard power' can be exercised by both States and other actors involving use of threat or coercion.
2. Globalisation is necessarily economic, not cultural.
3. The term 'Washington Consensus' refers to a policy that seeks intervention in the market.
4. 'Autarky' is generally understood as economic 'self-sufficiency'.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 4 only

*(b)* 2 and 3 only

*(c)* 2, 3 and 4 only

*(d)* 1, 2, 3 and 4

**18.** Consider the following statements :

1. Under Part III of the Constitution of India, individuals can enforce rights guaranteed by this Part when they are violated by the action of a government authority.
2. Under Part III of the Constitution of India, individuals can enforce rights guaranteed by this Part when they are violated by not only the action of a government authority, but also by its inaction.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**19.** Consider the following statements :

1. The International Covenant on Civil and Political Rights (ICCPR) provides that everyone shall have the right to recognition everywhere as a person before the law.
2. Although India agrees in principle with the ethos of ICCPR, it has not yet ratified it fully.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**20.** Which of the following statements with respect to the right to have a legal aid is/are correct?

1. Under the Constitution of India, it is given under the Directive Principles of State Policy.
2. It is the duty of the police to inform the nearest Legal Aid Committee immediately after the arrest of a person.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**21.** 'मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा' के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. इस घोषणा में प्रावधान है कि हर किसी को राजनीतिक अपराधों के संबंध में अभियोजन से बचने के लिए दूसरे देशों में शरण माँगने और वहाँ रहने का अधिकार है।
2. इस घोषणा में प्रावधान है कि राष्ट्रीयता बदलने की स्वतंत्रता को छोड़कर, हर किसी को राष्ट्रीयता के मनमाने ढंग से हनन से स्वतंत्रता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* 1 और 2 दोनों

*(d)* न तो 1 और न ही 2

**22.** निम्नलिखित में से किस संयुक्त राष्ट्र संगठन को दो बार नोबेल पुरस्कार से पुरस्कृत किया गया है?

*(a)* आइ॰ पी॰ सी॰ सी॰

*(b)* आइ॰ ए॰ ई॰ ए॰

*(c)* यू॰ एन॰ एच॰ सी॰ आर॰

*(d)* यू॰ एन॰ आइ॰ सी॰ ई॰ एफ॰

**23.** संक्रामक रोगों के विरुद्ध सुरक्षा प्रदान करने वाले टीकाकरण के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. यह शरीर में संक्रामक एजेंट के प्रवेश को रोकता है।
2. यह संक्रमण के विरुद्ध प्रतिजन का उत्पादन करता है।
3. यह संक्रामक एजेंट को मार देता है जब यह शरीर में प्रवेश करता है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**24.** मानव शरीर की किस कोशिका में केन्द्रक (न्यूक्लियस) नहीं होता है?

*(a)* पेशी कोशिका

*(b)* भक्षकाणुक कोशिका

*(c)* लाल रुधिर कोशिका

*(d)* पक्ष्माभी कोशिका

**25.** प्लास्टिक के उपयोग के परिणामस्वरूप अनेक पर्यावरण-संबंधी समस्याएँ हुई हैं। इसके लिए निम्नलिखित में से कौन-सा कथन सही है?

*(a)* वे गैर-जैव निम्नीकरणीय (नॉन-बायोडिग्रेडेबल) हैं।

*(b)* वे जल और भोजन में निर्मोचित नहीं होते हैं।

*(c)* उनमें कोई भी जैव रासायनिक संश्लेषण क्रियाकलाप नहीं होता है।

*(d)* वे मनुष्यों के लिए हानिरहित हैं।

**26.** पादप और प्राणी कोशिकाओं में पाए जाने वाले सूक्ष्मपिंडों (माइक्रोबॉडी) में क्या पाई जाती/पाए जाते हैं?

*(a)* खंडित झिल्लियाँ

*(b)* एंजाइम

*(c)* अम्लीय द्रव

*(d)* अपशिष्ट उपापचयज (मेटाबोलाइट)

**21.** Which of the following statements as per the 'Universal Declaration of Human Rights' is/are correct?

1. The Declaration provides that everyone has a right to seek and enjoy in other country's asylum from prosecution in respect of political crimes.
2. The Declaration provides that everyone has the freedom from arbitrary deprival of nationality, except for the freedom to change nationality.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**22.** Which of the following UN organisations has been awarded with Nobel Prize twice?

*(a)* IPCC

*(b)* IAEA

*(c)* UNHCR

*(d)* UNICEF

**23.** Which of the following statements is/are correct about vaccination that provides protection against an infectious disease?

1. It blocks the entry of the infectious agent into body.
2. It produces antibodies against infection.
3. It kills the infectious agent when it enters in the body.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**24.** Which cells in human body have ***no*** nucleus?

*(a)* Muscle cells

*(b)* Phagocytic cells

*(c)* Red blood cells

*(d)* Ciliated cells

**25.** The use of plastics has led to a number of environment-related problems. For this, which one of the following statements is correct?

*(a)* They are non-biodegradable.

*(b)* They do not get released into water and food.

*(c)* They do not have any biochemical synthesis activity.

*(d)* They are harmless to humans.

**26.** Microbodies found to be present in plant and animal cells contain

*(a)* broken down membranes

*(b)* enzymes

*(c)* acidic fluids

*(d)* waste metabolites

**27.** लार और अश्रु में विद्यमान प्रतिजीवाणुक एंजाइम को क्या कहते हैं?

(a) राइबोजाइम

(b) लाइपेस

(c) लाइसोजाइम

(d) आइसोमेरेस

**28.** सब्जियों का कौन-सा समूह, किसी पौधे का भूमिगत तना या रूपांतरित तना है?

(a) आलू, हाथीचक (आर्टिचोक), टिंडा

(b) प्याज, लहसुन, गाजर

(c) आलू, प्याज, लहसुन

(d) आलू, लहसुन, शलजम

**29.** अर्थव्यवस्था में मौद्रिक संचरण तंत्र का पर्यवेक्षण करने के लिए निम्नलिखित में से किस संकेतक/किन संकेतकों का उपयोग किया जाता है?

1. भारित औसत उधार दर
2. भारित औसत घरेलू मियादी जमा दर
3. 1-वर्ष माध्यिका एम॰ सी॰ एल॰ आर॰
4. एस॰ डी॰ एफ॰ दर

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) 1, 2 और 3

(c) 3 और 4

(d) केवल 4

**30.** मौद्रिक नीति के लिखतों के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. अप्रैल 2022 में स्थायी जमा सुविधा (एस॰ डी॰ एफ॰) दर प्रवर्तित की गई थी।
2. एस॰ डी॰ एफ॰ दर ने एल॰ ए॰ एफ॰ कॉरिडोर की निचली सीमा (फ्लोर) के रूप में नियत रिवर्स रेपो दर का स्थान लिया।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**31.** थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यू॰ पी॰ आइ॰) में विभिन्न वस्तुओं के भारांक के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. डब्ल्यू॰ पी॰ आइ॰ में प्राथमिक वस्तुओं की तुलना में ईंधन और विद्युत् का भारांक अधिक है।
2. डब्ल्यू॰ पी॰ आइ॰ में ईंधन और विद्युत् की तुलना में विनिर्मित वस्तुओं का भारांक अधिक है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**32.** यदि भारत अन्य राष्ट्रों के साथ मुक्त व्यापार करार (एफ॰ टी॰ ए॰) में शामिल होता है, तो भारत के निर्यात की वृद्धि निम्नलिखित में से किन पर निर्भर होगी?

1. एम॰ एफ॰ एन॰ प्रशुल्क (टैरिफ) की तुलना में प्रशुल्क में कमी की सीमा
2. उद्गम के नियमों के संबंध में छूट की सीमा
3. स्वच्छता (सैनिटरी) और पादप-स्वच्छता (फाइटोसैनिटरी) उपायों में छूट की सीमा
4. भारत में बुनियादी ढाँचे का स्तर
5. उन राष्ट्रों की आय, जिनके साथ भारत मुक्त व्यापार करार (एफ॰ टी॰ ए॰) में शामिल हुआ

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1, 3 और 4

(b) केवल 1, 2 और 4

(c) केवल 2, 3 और 5

(d) 1, 2, 3, 4 और 5

**27.** An antibacterial enzyme present in saliva and tears is called

(a) ribozyme

(b) lipase

(c) lysozyme

(d) isomerase

**28.** Which set of vegetables is underground stem or modified stem of a plant?

(a) Potato, artichoke, round gourd

(b) Onion, garlic, carrot

(c) Potato, onion, garlic

(d) Potato, garlic, turnip

**29.** Which of the following indicators is/are used to observe the monetary transmission mechanism in the economy?

1. Weighted average lending rate
2. Weighted average domestic term deposit rate
3. 1-year median MCLR
4. SDF rate

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 and 2 only

(b) 1, 2 and 3

(c) 3 and 4

(d) 4 only

**30.** Consider the following statements regarding instruments of monetary policy :

1. Standing deposit facility (SDF) rate was introduced in April 2022.
2. SDF rate replaced fixed reverse repo rate as the floor of the LAF corridor.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**31.** Consider the following statements regarding weightage of different articles in Wholesale Price Index (WPI) :

1. Fuel and power have higher weightage in WPI than that of primary articles.
2. Weightage of manufactured products in WPI is higher than that of fuel and power.

Which of the statements given above is/are correct?

(a) 1 only

(b) 2 only

(c) Both 1 and 2

(d) Neither 1 nor 2

**32.** If India enters into Free Trade Agreements (FTAs) with other nations, then the growth of exports of India would depend upon which of the following?

1. Extent of tariff reduction vis-à-vis MFN tariffs
2. Extent of relaxation in terms of rules of origin
3. Extent of relaxation in sanitary and phytosanitary measures
4. Level of infrastructure in India
5. Income in nations with which India enters into FTAs

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1, 3 and 4 only

(b) 1, 2 and 4 only

(c) 2, 3 and 5 only

(d) 1, 2, 3, 4 and 5

33. निम्नलिखित में से कौन-सा उभयधर्मी ऑक्साइड है?

(a) MgO

(b) $P_4O_{10}$

(c) $Na_2O$

(d) $Al_2O_3$

34. ब्यूटेन, पेन्टेन, हेक्सेन और साइक्लोहेक्सेन की ऑक्टेन संख्या का सही क्रम क्या है?

(a) ब्यूटेन > पेन्टेन > हेक्सेन > साइक्लोहेक्सेन

(b) ब्यूटेन > पेन्टेन > साइक्लोहेक्सेन > हेक्सेन

(c) ब्यूटेन > साइक्लोहेक्सेन > पेन्टेन > हेक्सेन

(d) साइक्लोहेक्सेन > ब्यूटेन > पेन्टेन > हेक्सेन

35. निम्नलिखित में से कौन-सा, HCl के साथ Mg, Al, Zn और Fe की अभिक्रियाशीलता का सही क्रम है?

(a) Mg > Al > Zn > Fe

(b) Mg > Al > Fe > Zn

(c) Zn > Fe > Mg > Al

(d) Fe > Al > Zn > Mg

36. मेथैनॉल आविषालु (टॉक्सिक) होता है, क्योंकि

(a) मेथैनॉल जीवद्रव्य को स्कंदित करता है

(b) मेथैनॉल यकृत में मेथैनैल में ऑक्सीकृत होता है, जो जीवद्रव्य को स्कंदित करता है

(c) मेथैनॉल यकृत में ऐसीटिक अम्ल में ऑक्सीकृत होता है, जो जीवद्रव्य को स्कंदित करता है

(d) मेथैनॉल यकृत में CO में ऑक्सीकृत होता है, जो जीवद्रव्य को स्कंदित करता है

37. सिरका क्या है?

(a) जल में ऐसीटिक अम्ल का 5–8% घोल

(b) जल में कार्बोनिक अम्ल का 5–8% घोल

(c) जल में एथेनॉल का 5–8% घोल

(d) जल में प्रोपिऑनिक अम्ल का 10–15% घोल

38. निम्नलिखित में से कौन-सा वैश्विक दीप्तिमंदकता (ग्लोबल डिमिंग) से संबंधित है?

(a) वर्धित कणिकाओं के कारण वायुमंडलीय दाब में गिरावट

(b) वर्धित कणिकाओं के कारण वायुमंडलीय दाब में वृद्धि

(c) वर्धित कणिकाओं के कारण तापमान में वृद्धि

(d) वर्धित कणिकाओं के कारण तापमान में गिरावट

39. निम्नलिखित में से किसे सीटेन के रूप में जाना जाता है?

(a) हेक्साडेकेन

(b) हेप्टाडेकेन

(c) ऑक्टाडेकेन

(d) नोनाडेकेन

40. निम्नलिखित में से कौन-सा देश अरब प्रायद्वीप का भाग **नहीं** है?

(a) कुवैत

(b) ओमान

(c) जॉर्डन

(d) यमन

**33.** Which one of the following is an amphoteric oxide?

*(a)* MgO

*(b)* $P_4O_{10}$

*(c)* $Na_2O$

*(d)* $Al_2O_3$

**34.** The correct order of octane number of butane, pentane, hexane and cyclohexane is

*(a)* butane > pentane > hexane > cyclohexane

*(b)* butane > pentane > cyclohexane > hexane

*(c)* butane > cyclohexane > pentane > hexane

*(d)* cyclohexane > butane > pentane > hexane

**35.** Which one of the following is the correct order of reactivity of Mg, Al, Zn and Fe with HCl?

*(a)* Mg > Al > Zn > Fe

*(b)* Mg > Al > Fe > Zn

*(c)* Zn > Fe > Mg > Al

*(d)* Fe > Al > Zn > Mg

**36.** Methanol is toxic because

*(a)* methanol coagulates the protoplasm

*(b)* methanol gets oxidised to methanal in liver which coagulates the protoplasm

*(c)* methanol gets oxidised to acetic acid in liver which coagulates the protoplasm

*(d)* methanol gets oxidised to CO in liver which coagulates the protoplasm

**37.** Vinegar is

*(a)* 5–8% solution of acetic acid in water

*(b)* 5–8% solution of carbonic acid in water

*(c)* 5–8% solution of ethanol in water

*(d)* 10–15% solution of propionic acid in water

**38.** Which one of the following is related to global dimming?

*(a)* Fall of atmospheric pressure due to increased particulates

*(b)* Raise of atmospheric pressure due to increased particulates

*(c)* Raise of temperature due to increased particulates

*(d)* Fall of temperature due to increased particulates

**39.** Which one of the following is known as cetane?

*(a)* Hexadecane

*(b)* Heptadecane

*(c)* Octadecane

*(d)* Nonadecane

**40.** Which one among the following countries is ***not*** part of the Arabian Peninsula?

*(a)* Kuwait

*(b)* Oman

*(c)* Jordan

*(d)* Yemen

**41.** अंटार्कटिका महाद्वीप के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. अन्य सभी महाद्वीपों की तुलना में इसकी सबसे अधिक औसत ऊँचाई है।
2. माउंट विन्सन, इस महाद्वीप की सबसे ऊँची चोटी है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**42.** निम्नलिखित में से कौन-सा जैव मंडल रिज़र्व भारत के तीन राज्यों में फैला हुआ है?

(a) नीलगिरि

(b) अचानकमार-अमरकंटक

(c) शेषाचलम

(d) अगस्त्यमलाई

**43.** निम्नलिखित में से कौन-सा युग्म सही सुमेलित **नहीं** है?

(a) रामनगर वन्यजीव अभयारण्य : उत्तराखंड

(b) चक्रशिला वन्यजीव अभयारण्य : असम

(c) नाहर वन्यजीव अभयारण्य : हरियाणा

(d) केन वन्यजीव अभयारण्य : अरुणाचल प्रदेश

**44.** लक्षद्वीप में नारियल उत्पादन के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. भारत में प्रति हेक्टेयर उत्पादकता सबसे अधिक है।
2. गिरी (नट) में तेल की मात्रा विश्व में सबसे अधिक है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**45.** रोधिका (बैरियर) द्वीपों के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. ये रेत के द्वीपों की छोटी श्रृंखला होते हैं, जो तट से दूर अपतटीय क्षेत्र में बनते हैं।
2. लैगून या उथले कच्छ, रोधिका (बैरियर) द्वीपों को मुख्य भूमि से पृथक् करते हैं।
3. ऐसे स्थान बस्तियों के लिए खतरनाक होते हैं, क्योंकि ये झंझावात और हरिकेन द्वारा आसानी से बह जाते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 1 और 2

(c) केवल 2 और 3

(d) 1, 2 और 3

**46.** दी गई विशेषताओं के आधार पर मेघ के प्रकार को पहचानिए :

1. हिम के क्रिस्टलों के ऊँचे, पतले, फूले हुए सफेद मेघ, जो लहरों की तरह दिखते हैं
2. ये भू-पृष्ठ से ऊपर 20000 फुट और 40000 फुट के बीच दिखाई देते हैं
3. इनके एक प्रकार को 'मैकरेल आकाश' कहा जाता है, क्योंकि ये विशेष रूप से सूर्यास्त की अरुणिमा में बड़ी मछली के शल्क के समान दिखाई देते हैं

सही उत्तर चुनिए।

(a) मध्यस्तरी

(b) पक्षाभ-स्तरी

(c) मध्यकपासी

(d) पक्षाभ-कपासी

41. Which of the following statements regarding continent of Antarctica is/are correct?

1. It has the highest average elevation as compared to all other continents.
2. Mount Vinson is the highest peak of this continent.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

42. Which one of the following biosphere reserves is spread over three States in India?

(a) Nilgiri
(b) Achanakmar-Amarkantak
(c) Seshachalam
(d) Agasthyamalai

43. Which one of the following pairs is ***not*** correctly matched?

(a) Ramnagar Wildlife Sanctuary : Uttarakhand
(b) Chakrashila Wildlife Sanctuary : Assam
(c) Nahar Wildlife Sanctuary : Haryana
(d) Kane Wildlife Sanctuary : Arunachal Pradesh

44. Which of the following statements regarding coconut production in Lakshadweep is/are correct?

1. Productivity per hectare is highest in India.
2. Oil content in nuts is highest in the world.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only
(b) 2 only
(c) Both 1 and 2
(d) Neither 1 nor 2

45. Which of the following statements regarding barrier islands is/are correct?

1. These are small chain of sand islands that form offshore, far from the coast.
2. Lagoons or shallower marshes separate the barrier islands from the mainland.
3. Such locations are hazardous for settlements because they are easily swept away by storms and hurricanes.

Select the correct answer using the code given below.

(a) 1 only
(b) 1 and 2 only
(c) 2 and 3 only
(d) 1, 2 and 3

46. Identify the type of cloud on the basis of the given characteristics :

1. High, thin, puffy white clouds of ice crystals that look like ripples
2. They appear between 20000 feet and 40000 feet above the Earth's surface
3. One of its types is called a 'mackerel sky' because the clouds resemble large fish scales, especially when they are coloured pink at sunset

Select the correct answer.

(a) Altostratus
(b) Cirrostratus
(c) Altocumulus
(d) Cirrocumulus

**47.** दी गई विशेषताओं के आधार पर अपवाह प्रतिरूप (ड्रेनेज पैटर्न) के प्रकार को पहचानिए :

1. यह धाराओं और उनकी सहायक धाराओं के सबसे सामान्य प्रतिरूप का प्रतिनिधित्व करता है
2. यह एकसमान चट्टान प्रकार और नियमित ढलान वाले क्षेत्रों में होता है
3. कोई मानचित्र, या हवाई फोटोग्राफ, ऐसे पैटर्न को प्रदर्शित करते हैं जैसे कि किसी पत्ती पर शिराएँ—छोटी धाराएँ न्यूनकोण पर मुख्य धारा से मिल जाती हैं

सही उत्तर चुनिए।

*(a)* द्रुमाकृतिक

*(b)* अरीय

*(c)* जालक

*(d)* अभिकेन्द्रीय

**48.** प्रवेशद्वार शहर (गेटवे सिटी) के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

1. ऐसा शहर, जिसकी भौतिक स्थिति इसे एक देश से दूसरे देश या एक क्षेत्र से दूसरे क्षेत्र के बीच का संपर्क (लिंक) बनाती है
2. गेटवे सिटी बहुत बड़े क्षेत्र पर नियंत्रण रखती है, क्योंकि यह किसी विशेष देश या क्षेत्र में प्रवेश करने और वहाँ से बहिर्गमन करने के अधिकारों और शक्तियों को समादेशित करती है
3. अधिकांश गेटवे सिटी पत्तन होते हैं, जिनमें से अनेक पूर्व में किसी औपनिवेशिक सरकार के प्रशासनिक केन्द्र थे

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

*(a)* केवल 1

*(b)* केवल 1 और 2

*(c)* केवल 2 और 3

*(d)* 1, 2 और 3

**49.** निम्नलिखित में से कौन-सी एक महत्त्वपूर्ण आरंभिक चोलकालीन चित्रकला है, जिसकी खोज वर्ष 1931 में बृहदेश्वर मंदिर, तंजावुर में की गई थी?

*(a)* बुद्ध जिनके दोनों ओर चौरी-वाहक हैं

*(b)* योग-दक्षिणामूर्ति के रूप में शिव

*(c)* यक्षी काली

*(d)* एक सिंह-सिंहासन पर सर्प-फन वाले पार्श्वनाथ

**50.** ब्रिटिश द्वारा भारत में रेलवे के आरंभिक विकास के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. रेलवे के लिए निजी वित्तीय निवेशकों को भारत की ब्रिटिश सरकार से निःशुल्क जमीन मिलेगी।
2. निवेशकों को अपनी पूँजी पर सरकार से 5 प्रतिशत का प्रतिलाभ मिलेगा, यदि उन्हें हानि होती है या अपर्याप्त लाभ प्राप्त होता है।
3. रेलवे का सरकार के साथ संयुक्त रूप से प्रबंधन किया जाएगा।

उपर्युक्त में से कितना/कितने कथन सही है/हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* कोई नहीं

**51.** 19वीं सदी में भारत के 'वि-औद्योगिकीकरण' के कारण, निम्नलिखित में से कौन-सा उद्योग सबसे अधिक प्रभावित हुआ था?

*(a)* रेशम उत्पादन

*(b)* सूती वस्त्र उत्पादन

*(c)* लोह और इस्पात

*(d)* ऊनी वस्त्र उत्पादन

**47.** Identify the type of drainage pattern on the basis of the given characteristics :

1. It represents the most common pattern of streams and their tributaries
2. It occurs in areas of uniform rock type and regular slope
3. A map, or aerial photograph, shows a pattern like the veins on a leaf—smaller streams join the main stream at an acute angle

Select the correct answer.

*(a)* Dendritic

*(b)* Radial

*(c)* Trellis

*(d)* Centripetal

**48.** Which of the following regarding gateway city is/are correct?

1. City whose physical location makes it a link between one country and others, or between one region and others
2. A gateway city exercises control over a large area because it commands the entry and exit rights and powers for a particular country or region
3. Most gateway cities are ports, many of which were formerly administrative centres for a colonial government

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 1 and 2 only

*(c)* 2 and 3 only

*(d)* 1, 2 and 3

**49.** Which one of the following has been an important early Chola painting discovered at the Brihadisvara Temple, Thanjavur in 1931?

*(a)* Buddha with Chauri-bearers on either side

*(b)* Shiva as Yoga-Dakshinamurti

*(c)* Yakshi Kali

*(d)* Parshvanatha with snake-hood on a lion-throne

**50.** Consider the following statements about the initial development of railways in India by the British :

1. Private financial investors for railways would get land free from the British Government in India.
2. The investors would get a return of 5 percent on their capital from the government if they ran at a loss or secured inadequate profit.
3. The railways would be jointly managed with the government.

How many of the above statements is/are correct?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* 3

*(d)* None

**51.** Which of the following industries was most affected by the 'deindustrialisation' of India in the 19th century?

*(a)* Silk manufacture

*(b)* Cotton textiles

*(c)* Iron and steel

*(d)* Woolen manufacture

**52.** भारत में राष्ट्रीय आंदोलन के प्रारंभिक चरण के संबंध में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. फिरोजशाह मेहता, बदरुद्दीन तैयबजी और अन्य लोगों ने मिलकर बॉम्बे प्रेसीडेंसी ऐसोसिएशन का गठन किया।

2. सुरेन्द्रनाथ बनर्जी और उनके समूह ने कलकत्ता में इंडियन नैशनल कॉन्फ्रेंस की योजना बनाई।

3. एलन ऑक्टेवियन ह्यूम ने गरीब और सीमांत भारतीयों की शिकायतों को दूर करने के लिए उपर्युक्त संगठनों के प्रतिद्वंद्वी के रूप में एक अखिल भारतीय निकाय बनाने का निर्णय लिया।

उपर्युक्त में से कितना/कितने कथन सही है/हैं?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* सभी

*(d)* कोई नहीं

**53.** जायंट मीटरवेव रेडियो टेलीस्कोप में शामिल है

*(a)* एकल परवलयिक एंटीना (सिंगल पैराबोलिक एंटीना)

*(b)* बहु परवलयिक एंटीना (मल्टीपल पैराबोलिक एंटीना)

*(c)* बहु वृत्ताकार एंटीना (मल्टीपल सर्कुलर एंटीना)

*(d)* वृत्ताकार और परवलयिक एंटीना (सर्कुलर ऐंड पैराबोलिक एंटीना) का संयोजन

**54.** निम्नलिखित में से कौन-सा प्रथम वाणिज्यिक अंतरिक्ष स्टेशन है?

*(a)* एक्सिओम स्टेशन

*(b)* इंटरनैशनल स्पेस स्टेशन

*(c)* गैलीलियो

*(d)* वॉयजर 1

**55.** निम्नलिखित में से कौन-सा लौहचुंबकीय पदार्थ **नहीं** है?

*(a)* कोबाल्ट

*(b)* लोहा

*(c)* चाँदी (सिल्वर)

*(d)* फेरिक क्लोराइड

**56.** एक दिन जब मैं ऑफिस जाने के लिए जल्दी में था, मेरे पास निश्चित मात्रा में चावल था, जो अभी-अभी पकाकर कटोरे में रखे गए थे। इसे जल्दी से ठंडा करने के लिए निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प उत्तम रहेगा?

*(a)* इसे किसी कमरे में मेज पर रख दें जहाँ कोई पंखा या एयरकंडीशनर न हो

*(b)* इसे किसी कमरे में रख दें जहाँ ए० सी० सेट लगभग 23 °C पर चल रहा हो और सीलिंग पंखा (या टेबल फैन) धीमी गति पर चल रहा हो

*(c)* इसे जल (सामान्य तापमान पर) से भरे कटोरे में रखें और सीलिंग फैन (या टेबल फैन) को पूरी गति से चला दें

*(d)* केवल सामान्य तापमान पर इसे जल के किसी कटोरे में रख दें

**52.** Consider the following statements about the early phase of the National Movement in India :

1. Ferozeshah Mehta, Badruddin Tyabji and others formed the Bombay Presidency Association.

2. Surendranath Banerjee and his group planned an Indian National Conference at Calcutta.

3. Allan Octavian Hume decided to create an all-India body as a rival to the above organisations to give vent to the grievances of the poor and marginalised Indians.

How many of the above statements is/are correct?

*(a)* 1

*(b)* 2

*(c)* All

*(d)* None

**53.** The Giant Metrewave Radio Telescope consists of

*(a)* a single parabolic antenna

*(b)* multiple parabolic antennas

*(c)* multiple circular antennas

*(d)* a combination of circular and parabolic antennas

**54.** Which one of the following is the first commercial space station?

*(a)* Axiom Station

*(b)* International Space Station

*(c)* Galileo

*(d)* Voyager 1

**55.** Which one of the following is ***not*** a ferromagnetic material?

*(a)* Cobalt

*(b)* Iron

*(c)* Silver

*(d)* Ferric chloride

**56.** On a day when I am in hurry to go to office, I have a fixed quantity of rice which was just cooked and kept in a bowl. In order to cool it quickly, which one of the following is the best option?

*(a)* Let it be kept on the table in a room where there is no fan, no air conditioner

*(b)* Let it be kept in a room with AC set at a temperature around 23 °C and a ceiling fan (or table fan) operating at slow speed

*(c)* Let it be kept in a bowl of water (at room temperature) and operating a ceiling fan (or table fan) at full speed

*(d)* Let it be kept in a bowl of water at room temperature only

57. 'माराकेच साझेदारी' के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. यह वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए एक अंतर-सरकारी साझेदारी है।
2. यह वैश्विक जलवायु कार्रवाई के लिए न केवल एक अंतर-सरकारी साझेदारी है, बल्कि यह सरकारों और नगरों, व्यापार और निवेशकों जैसे अन्य पणधारियों के मध्य सहयोग भी है।
3. यह साझेदारी संधारणीय विकास के लिए 2030 की कार्यसूची द्वारा मार्गदर्शित है।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1 और 2

(b) केवल 1 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 2

58. निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. भारत में, यदि कोई व्यक्ति अंतर-धार्मिक विवाह करता है, तो उस व्यक्ति को विशेष विवाह अधिनियम संरक्षण प्रदान करता है।
2. अपनी पसंद के किसी व्यक्ति से विवाह करने का अधिकार, भारत के संविधान के अनुच्छेद 21 के अधीन किसी के मूल अधिकार का अभिन्न पहलू है।
3. मानव अधिकारों की सार्वभौम घोषणा में, प्रत्येक वयस्क को उसकी सहमति से विवाह करने के वैवाहिक अधिकार का भी उल्लेख है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 2 और 3

(b) केवल 1 और 3

(c) 1, 2 और 3

(d) केवल 1

59. अंतर्राष्ट्रीय न्यायालय के संबंध में, निम्नलिखित में से कौन-सा/कौन-से कथन सही है/हैं?

1. इस न्यायालय में सदस्य होते हैं, जिनमें दो सदस्य एक ही देश के राष्ट्रिक (नागरिक) नहीं हो सकते।
2. महासभा और सुरक्षा परिषद् एक-दूसरे से स्वतंत्र रहकर इस न्यायालय के सदस्यों का चुनाव करते हैं।

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

60. भूनिधि विस्टा से संबंधित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए :

1. यह भूनिधि की डाटा दृश्यीकरण (डाटा विज़ुअलाइजेशन) सेवा है, जो वेब मानचित्र सेवा के माध्यम से पूर्ण विभेदन मोज़ेक डाटा दृश्यीकरण सामर्थ्य उपलब्ध करवाता है।
2. इसे रिसोर्ससैट-2/2A, सेंटिनल 1 और 2 उपग्रहों के लिए सक्षम किया गया है।

उपर्युक्त कथनों में से कौन-सा/कौन-से सही है/हैं?

(a) केवल 1

(b) केवल 2

(c) 1 और 2 दोनों

(d) न तो 1 और न ही 2

**57.** Which of the following statements about 'Marrakech Partnership' is/are correct?

1. It is an intergovernmental partnership for global climate action.
2. It is not only an intergovernmental partnership for global climate action but also a collaboration between governments and other stakeholders like cities, businesses and investors.
3. This partnership is guided by the 2030 Agenda for Sustainable Development.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 and 2 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 2 only

**58.** Consider the following statements :

1. In India, the Special Marriage Act protects an individual if one enters into an interreligious marriage.
2. Right to marry a person of one's choice is an integral aspect of one's Fundamental Rights under Article 21 of the Constitution of India.
3. The Universal Declaration of Human Rights also resonates marital rights of every adult consenting individuals.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 2 and 3 only

*(b)* 1 and 3 only

*(c)* 1, 2 and 3

*(d)* 1 only

**59.** Which of the following statements about the International Court of Justice is/are correct?

1. The Court consists of members, wherein two members cannot be nationals of the same State.
2. The General Assembly and the Security Council proceed independently of one another to elect the members of the Court.

Select the correct answer using the code given below.

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**60.** Consider the following statements regarding Bhoonidhi Vista :

1. It is a data visualisation service of Bhoonidhi providing full resolution mosaicked data visualisation capability through Web Map Service.
2. It is enabled for ResourceSat-2/2A, Sentinel 1 and 2 satellites.

Which of the statements given above is/are correct?

*(a)* 1 only

*(b)* 2 only

*(c)* Both 1 and 2

*(d)* Neither 1 nor 2

**61.** भारत की अध्यक्षता में आयोजित G20 शिखर सम्मेलन, 2023 के निम्नलिखित में से कौन-से उद्देश्य थे?

1. हरित विकास
2. एस० डी० जी० पर प्रगति में तीव्रता लाना
3. महिला-नेतृत्वाधीन विकास

नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए।

